एग्री आर्टिकल्स
(कृषि लेखों के लिए ई-पत्रिका)
वर्ष: 05, अंक: 06 (नवम्बर-दिसम्बर, 2025)
www.agriarticles.com पर ऑनलाइन उपलब्ध
© एग्री आर्टिकल्स, आई. एस. एस. एन.: 2582-9882

# *मुर्रेया पैनिकुलेटा*: एक बहुपयोगी सजावटी पौधा

*परवीन फातिमा[1], जया कुमारी[1], शाहिना परवीन[1] एवं रजनीकांत वर्मा[2]
[1]नालंदा उद्यान महाविद्यालय, नूरसराय, नालंदा, बिहार
[2]परास्नातक छात्र, पुष्प एवं भू- दृश्य विभाग, उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय, आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या, उत्तर प्रदेश
*संवादी लेखक का ईमेल पता: parveenfrizvi@gmail.com

*मुर्रेया पैनिकुलेटा* को मोक ऑरेंज, चाइना बॉक्स, ऑरेंज जैस्मिन एवं कामिनी के नाम से भी जाना जाता है। यह दक्षिणी चीन, ताइवान, भारतीय उप महाद्वीप (अर्थात भारत, नेपाल, उत्तरदृपूर्वी पाकिस्तान और श्रीलंका), दक्षिणदृपूर्वी एशिया (अर्थात कंबोडिया, लाओस, म्यांमार, थाईलैंड, वियतनाम, इंडोनेशिया, मलेशिया और फिलीपींस) और उत्तरी ऑस्ट्रेलिया (अर्थात उत्तरी क्षेत्र के उत्तरी भाग, उत्तरी क्वींसलैंड और उत्तरी पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया) का मूल निवासी है।

यह छोटा पौधा या झाड़ी रुटेसी परिवार का होता है। जो 7 मीटर (23 फीट) तक लम्बा होता है। इसकी छाल चिकनी, हल्के से लेकर सफेद रंग की होती है। इसके सुगंधित फूल सफेद या क्रीम रंग के, शाखाओं के सिरे पर या ऊपरी पत्ती की शाखाओं में गुच्छों में लगते हैं। इन सफेद फूलों (10-18 मि.मी. लंबे) में पांच पंखुड़ियाँ होती हैं जो पीछे की ओर मुड़ी होती हैं। इसका फल छोटा अंडे के आकार का या अंडाकार (लगभग 10 मि.मी. लंबे) पकने पर हरे से नारंगी या चमकीले लाल रंग में बदल जाते हैं। इसमें 170 मि मी (6.8 इंच) तक लंबे पिननेट पत्ते होते हैं, जिनमें सात अंडे के आकार से लेकर समचतुर्भुज के आकार का होता है। पत्तियां चमकदार हरा और 25-100 मि.मी. लंबा और 12-50 मिमी (0.47-1.97 इंच) चौड़ा होता है। जो 2-6 मिमी (0. 079-0.236 इंच) लंबे पेटीओल पर होता है। इसकी खेती उष्ण कटिबंधीय देशो में और शीतोष्ण देशो में कांच के अंदर की जाती है। आदर्श ऊंचाई लगभग 200 मीटर हैए इसको बेसाल्ट मिट्टी पर उगाया जाता है।

फूल सुगंधित होते हैं और ढीले समूहों में व्यवस्थित होते हैं, प्रत्येक फूल 1-1.5 मिमी (0.039–0.059 इंच) लंबे डंठल पर होता है। लगभग 1 मिमी (0.039 इंच) लंबे पाँच (कभी-कभी चार) बाह्यदल और 13-18 मिमी (0.51–0.71 इंच) लंबी पाँच (कभी-कभी चार) सफेद या क्रीम रंग की पंखुड़ियाँ होती हैं। फल एक अंडाकार, चिकना, नारंगी-लाल बेर होता है जो 12-14 मिमी (0.47–0.55 इंच) लंबा होता है जिसमें घने रोएँदार बीज होते हैं।

**हेजिंग (झाड़ी)**

मॉक ऑरेंज (*मुर्रेया पैनिकुलेटा* 'एक्सोटिका') की खेती व्यापक रुप से बगीचे और हेजिंग प्लांट के रुप में की जाती है। इस प्रजाति के अन्य रुप भी खेती में आम हो रहे हैं, जिसमें बौना मॉक ऑरेंज शामिल है। मुर्रेया पैनिकुलेटा की खेती इसकी कठोरता, मिट्टी की सहनशीलता की विस्तृत श्रृंखला (क्षारीय, चिकनी, रेतीली, अम्लीय और दोमट मिट्टी में बढ़ सकती है) के कारण सजावटी पेड़ या हेज के रुप में की जाती है, और बड़ी हेज के लिए उपयुक्त है। इसकी खेती करते वन इस बात का सदैव ध्यान रखना चाहिए की खेती वहां करे जहाँ पानी का जमाव न हो और सूरज की पूरी

रोशनी आती हो, उत्तरी गोलार्ध में अप्रैल से अक्टूबर तक फूल आते हैं और अप्रैल से फरवरी तक फल पकते हैं। यह प्रजाति बीज द्वारा प्रजनन करती है। ये बीज आम तौर पर पक्षियों और अन्य जानवरो द्वारा फैलाए जाते हैं जो चमकीले रंग के फल खाते हैं। व्यवसायिक उपयोग के लिए इसका प्रजनन 10 सेमी. लम्बे तना से भी किया जाती है यह तना स्वस्थ्य पौधों से ली जाती है और उन्हें रेत और पिट काई के मिश्रण में जड़ दिया जाता है।



*मुर्रेया पैनिकुलता* के फूल



*मुर्रेया पैनिकुलता* के फल

- **हेजिंग:-** इसे प्राय: आंगन में हेजिंग के तौर पर लगाते है जिसकी ऊँचाई 7 मीटर तक हो सकती है।
- **बैरियर:** इसे आंगन के किनारे पर लगाते है जिससे जानवर अंदर नहीं आ सकते और अन्य लगे हुए पौधे को सुरक्षा मिलती है।
- **बोन्साई:** इसे बौने पौधे के अप में भी लगाते हैं।
- औषधीय गुण: इस पौधे के विभिन्न हिस्सों जैसे छाल, पत्तियां और फूल का उपयोग विभिन्न प्रकार की बीमारियों के इलाज के लिए पारंपरिक साहित्य में व्यापक रुप से दर्ज किया गया है। पौधे में मधुमेह विरोधी, मोटापा विरोधी, जीवा णुरोधी, प्रत्यारोपण विरोधी, ऑक्सीडेटिव, साइटोटोक्सिक, दस्तविरोधी, अवसादरोधी और चिंता विरोधी और कई अन्य गुण हैं।
- **कॉस्मेटिक** उपयोग: यह अत्यधिक सुगंधित, आकर्षक सफेद फूल पैदा करता है। अत: इसका उपयोग कॉस्मेटिक उपयोग में करने के लिए इस पौधे को व्यावसायिक रुप से उगाया जाता है।